*प्रेस विज्ञप्ति*

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## हिंदी हमारी मातृभाषा, विद्यार्थी हिंदी को गर्व के साथ अपनाएँ : कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान
## विश्वविद्यालय में हिंदी दिवस पर छात्रों ने दिखाया रचनात्मक उत्साह’

पंतनगर। 14 सितंबर, 2025। विश्वविद्यालय में सांस्कृतिक चेतना परिषद् प्रोफेशनल सोसाइटी द्वारा हिंदी दिवस के अवसर पर प्रवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विश्वविद्यालय के छात्रों में हिंदी भाषा के महत्व और उसकी समृद्धि को उजागर करना था। कार्यक्रम के अंतर्गत अक्षरांश–कविता लेखन प्रतियोगिता, प्रज्ञात्म–प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता (प्रथम एवं द्वितीय चरण), शास्त्रार्थ–भाषण प्रतियोगिता और कथा कल्पना–कथा लेखन एवं वाचन प्रतियोगिता आयोजित की गई। छात्रों ने इन प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। विजेताओं को मुख्य अतिथि द्वारा प्रमाण–पत्र और मैडल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. आनंद सिंह जीना के स्वागत अभिभाषण से हुआ। इसके बाद विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने छात्रों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हिंदी हमारी मातृभाषा होने के साथ–साथ हमारी संस्कृति और पहचान की अभिव्यक्ति है। हमें इसे न केवल सरल रूप में अपनाना चाहिए, बल्कि इसे अपने दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाना चाहिए। भाषा के माध्यम से हमारी सोच, हमारी संस्कृति और हमारी संवेदनाएं स्पष्ट होती हैं। इसलिए छात्रों से मेरा आग्रह है कि वे हिंदी को गर्व के साथ अपनाएँ और इसके प्रचार–प्रसार में सक्रिय भूमिका निभाएँ। समिति की परामर्शदात्री डा. विनीता राठौर ने अतिथियों और उपस्थित जनों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय डा. सुभाष चंद्र, निदेशक संचार डा. जे. पी. जायसवाल, प्रभारी शारीरिक शिक्षा डा. एन. के. सिंह, सह–अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. छाया शुक्ला, डा. अमित केसरवानी, डा. मनीन्द्र मोहन और श्री आदर्श डंगवाल सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

